an>

title: Regarding beautification of Tawi river bank in Jammu.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को और खासकर जल संसाधन, नदी विकास एवम् नमामि गंगे मंत्रालय का ध्यान जम्मू-कश्मीर राज्य की ओर खींचना चाहता हूं। जम्मू-कश्मीर में शीतकालीन राजधानी जम्मू में शिफ्ट हो जाती है। जम्मू काफी बड़ा शहर है और इसके बीचों-बीच सूर्य पुत्री तवी नाम की नदी बहती है। तवी नदी के दोनों किनारों पर मंदिर ही मंदिर हैं। लेकिन इस नदी का जैसा विकास होना चाहिए था, वैसा नहीं हो पाया है। आज पूरे देश में नदियों की तरफ खास ध्यान दिया जा रहा है। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि इस तवी नदी के दोनों किनारों को साबरमती की तर्ज पर विकसित किया जाए। अगर ऐसा होता है तो तवी नदी सुंदर भी लगेगी और जम्मू शहर भी सुंदर लगेगा। एक कारण और है कि अलग-अलग जगहों से करोड़ों लोग जम्मू-कश्मीर में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर दर्शन के लिए आते हैं। इसके अलावा यह राज्य टूरिज्म का भी बहुत बड़ा केन्द्र है। लेकिन तवी नदी का विकास नहीं होने की वजह से शहर जितना सुंदर लगना चाहिए, वह नहीं लगता है। मेरी प्रार्थना है कि इसके लिए जल्द से जल्द धनराशि उपलब्ध कराकर तवी नदी का विकास किया जाए, जिससे शहर तो सुंदर लगेगा ही, यात्रियों कों भी यहां आकर आनंद मिल सकेगा।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Sharad Tripathi are permitted to associate with the issue raised by Shri Jugal Kishore Sharma.